[redacted]

अरुणप्रभा पोस्टल रजि नं. L6-RJ/693/21-23

सार-समाचार

केन्द्रीय विद्यालय में मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम आयोजित

अलवर (का.सं.)। केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 मोती डूंगरी अलवर में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.एल आर सैनी ने बताया कि इसके तहत स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को विद्यालय के प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरुकता रैली केंद्रीय विद्यालय क्रमांक - 1 मोती डूंगरी अलवर से आरंभ होकर भवानी तोप होते हुए वापस केन्द्रीय विद्यालय अलवर पहुंची। जागरूकता रैली में विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने टीकाकरण जागरूकता एवम् स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया । जागरूकता रैली में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने नारा लेखन, स्लोगन राइटिंग के माध्यम से टीकाकरण, एवम् स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम के संयोजक नीतीश राज शर्मा एवं प्रीति शर्मा रहे।